मध्य प्रदेश में क्षेत्रीय औद्योगिक सम्मेलन

चर्चा में क्यों?

सूत्रों के अनुसार, **मध्य प्रदेश सरकार** आगामी महीनों में राज्य के विभिन्न शहरों में क्षेत्रीय औद्योगिक सम्मेलन (Regional Industrial Conclaves- RIC) आयोजित करने जा रही है।

मुख्य बिंदु:

- मध्य प्रदेश औद्योगिक विकास निगम (Madhya Pradesh Industrial Development Corporation- MPIDC) के अनुसार, जबलपुर के बाद **ग्वालियर, रीवा और सागर** में भी क्षेत्रीय औद्योगिक सम्मेलन (RIC) कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।
- इसके अतिरिक्त, **इंदौर में एक टेक्सटाइल सम्मलेन की योजना** बनाई गई है तथा भोपाल में इलेक्ट्रॉनिक्स और नवीकरणीय ऊर्जा उपकरण विनिर्माण इकाइयों पर केंद्रित एक सम्मलेन आयोजित किया जाएगा।
- अधिकारियों के अनुसार, लगातार अनेक वर्षों तक इंदौर में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (Global Investors Summit- GIS) आयोजित करने के बाद, राज्य सरकार ने अब इसे **राजधानी भोपाल** में आयोजित करने का निर्णय लिया है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/regional-industrial-conclaves-in-madhya-pradesh